दिनांक : 27.06.2024 समय : 07.10pm

आकाशवाणी भोपाल

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम के अंतर्गत देश विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।
- नई दिल्ली में नीति आयोग की नौवीं शासी परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– विकसित भारत–2047 प्रत्येक भारतीय की महत्वाकांक्षा है।
- प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी, राजधानी भोपाल समेत 20 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी ।

..............

प्रधानमंत्री मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम के अंतर्गत देश विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह रेडियो के मासिक कार्यक्रम की 112वीं कडी है। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह दूसरी कडी है। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्कों, ए आई आर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर उपलब्ध रहेगा। आकाशवाणी के यू ट्यूब चौनल, डी डी न्यूज, पी एम ओ और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय में इसकी सीधा प्रसारण किया जाएगा। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के तुरंत बाद सभी क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

प्रधानमंत्री शासी परिषद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत @ 2047 प्रत्येक भारतीय की महत्वाकांक्षा है। आज नई दिल्ली में नीति आयोग की नौवीं शासी परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि लोगों से सीधे जुडे होने के कारण राज्य इस उद्देश्य को हासिल करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस बैठक का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सहयोग और शासन को बढावा देना है। इसका उद्देश्य सरकारी हस्तक्षेपों के प्रतिपादन तंत्र को मजबूत करके ग्रामीण और शहरी दोनों की जनसंख्या के लिए जीवन की गुणवत्ता को बढावा देना भी है। नौवीं शासी परिषद की बैठक का उद्देश्य टीम इंडिया के रूप में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच टीम वर्क को बढावा देना और इस उद्देश्य की रूप–रेखा तैयार करना है। नीति आयोग की शासी परिषद पिछले वर्ष दिसंबर में हुए मुख्य सचिवों के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन की अनुशंसाओं पर ध्यान केंद्रित भी करेगी।

न्यायाधीश–सूर्यकांत

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश सूर्यकांत ने 29 जुलाई से 3 अगस्त तक लगने वाले विशेष लोक अदालत सप्ताह में भागीदारी के लिए नागरिकों को आमंत्रित किया है। आकाशवाणी से विशेष बातचीत में न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि विवाह और संपत्ति विवाद, मोटर दुर्घटना दावेदारी, भूमि अधिग्रहण क्षतिपूर्ति, सेवा और श्रम मुद्दों सहित निपटाए जाने वाले मामलों को सर्वोच्च न्यायालय की विशेष लोक अदालत में उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से दूर–दराज से भागीदारी की सुविधा भी प्रदान करेगी।

## भाजपा मुख्यमंत्री बैठक

नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय में भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक चल रही है। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता मौजूद हैं। यह बैठक लोकसभा चुनाव और केंद्रीय बजट पेश होने के कुछ दिनों बाद हो रही है। इस उच्च स्तरीय बैठक के दौरान सरकारी योजनाओं के अधिक प्रभावी कार्यान्वयन, राज्यों से प्रतिक्रिया और अन्य मुद्दों पर चर्चा की उम्मीद है।

### उप–मुख्यमंत्रीः शुक्ल

कल विष्व हेपेटाइटिस दिवस है। इसको लेकर प्रदेष के उप–मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने नागरिकों से अपील की है कि वे हेपेटाइटिस के खिलाफ लड़ाई में शामिल हों और एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने हेपेटाइटिस जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिये जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि बीमारी से बचाव और उपचार के लिए सही जानकारी और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।

### ओलिम्पिक शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओलिम्पिक में हिस्सा ले रहे भारतीय खिलाडियों को शुभकामनाएं दी हैं और कामना की है कि वे अपने असाधारण प्रदर्शन से देश का गौरव बढाएंगे। उन्होंने प्रत्येक खिलाडी को भारत का गौरव बताया और आशा प्रकट की कि वे खेल भावना को मूर्त रूप देंगे। जाने–माने क्रिकेट खिलाडी सचिन तेंदुलकर ने कहा है कि 117 भारतीय खिलाडियों से बहुत उम्मीदें हैं और वे निश्चित रूप से इन पर खरा उतरेंगे। टी–ट्वेंटी विश्व कप विजेता क्रिकेट टीम के सदस्यों ने भी भारतीय खिलाडियों को शुभकामनाएं दी हैं।

### जीवन शैली सम्मान

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने आज भोपाल में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में पांच विभूतियों को राज्य स्तरीय जीवन शैली सम्मान से सम्मानित किया। डा. गांगुली योग विद्यापीठ संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मंत्री सुश्री गौर ने कहा कि, जीवन में जिसने योग अपनाया फिर कभी कोई कष्ट उसने नहीं पाया। उन्होंने कहा कि सभी सम्मानित विभूतियों ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए समाज के लिए एक आदर्श स्थापित किया है। विधायक भगवान दास सबनानी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। जीवन शैली सम्मान से सम्मानित विभूतियों में संयुक्त संचालक जनसंपर्क एवं लेखक अशोक मनवानी, सर्जन डॉ अतुल अग्रवाल और एवरेस्ट की चढ़ाई चढ़ने वाली ज्योति रात्रे शामिल थीं।

पात्रता ऐप

प्रदेष में राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक पात्रता की जानकारी अब पात्रता ऐप से आसानी से मिल सकेगी। अब यह भी आसानी से पता लग जाएगा कि यदि पात्रता है तो लाभ के लिए आवेदन कैसे और कहां करना पड़ेगा। कौन से जरूरी दस्तावेज देना होंगे। फिलहाल 10 विभागों की 37 प्रकार की योजनाओं की जानकारी पात्रता ऐप में शामिल है । जल्दी ही सभी विभागों की योजनाओं को पात्रता ऐप पर लाया जाएगा और इसे सभी विभागों की वेबसाइट से जोड़ा जाएगा। पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने श्रम कल्याण के लिए काम कर रहे हैं संगठनों, संस्थाओं और पंचायत राज प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे एक सुलभ संदर्भ के रूप में पात्रता ऐप का उपयोग कर अपने संपर्क में आने वाले सामान्य नागरिकों को योजनाओं की जानकारी दें सकते है।

पीएम फसल बीमा योजना

बैतूल जिले के कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वर्ष–2024 के अंतर्गत अऋणी कृषकों को फसल बीमा करवाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं। इसमें किसानों का फसल बीमा करवा कर जोखिमों एवं फसल बीमा के हित लाभ के बारे में जानकारी दी जा रही है। कलेक्टर सूर्यवंशी ने बताया कि फसल बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। किया।

मौसम

प्रदेश में बारिष का दौर जारी है। आज राजधानी भोपाल सहित कई हिस्सों में सुबह और दोपहर के समय तेज बारिष हुई। जगह–जगह हो रही बारिष से नदी–नाले उफान पर हैं तथा यातायात पर असर पडा है। कल भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत प्रदेश के 18 जिलों में जमकर पानी गिरा। सबसे ज्यादा 3 दशमलव 3 इंच बारिश रायसेन में हुई। विदिशा जिले में तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते बेतवा नदी में जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। चरण तीर्थ घाट पर स्थित मंदिर पूरी तरह से डूब चुके हैं। बाढ़ वाले गणेश मंदिर के आसपास भी चारों तरफ पानी भर गया है, वहीं शमशान घाट तक जाने का रास्ता भी बंद हो गया है। नीमच जिले में चालू वर्षाकाल में अबतक 394 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। ष्योपुर में पार्वती नदी उफान पर है, इसको देखते हुए यातायात बंद कर दिया गया है। वहीं रायसेन जिले के बाडी के बारना डेम के चार गेट खोले गए हैं। मौसम विभाग ने भोपाल समेत 20 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

विश्व हेपेटाइटिस दिवस

उप–मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर सभी नागरिकों से अपील की है कि वे हेपेटाइटिस के खिलाफ लड़ाई में शामिल हों और एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने हेपेटाइटिस जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या पर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि बीमारी से बचाव और उपचार के लिए सही जानकारी और सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। हम सभी को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हेपेटाइटिस की रोकथाम के लिए टीकाकरण और स्वस्थ जीवनशैली अत्यंत आवश्यक है।

समाचार संक्षेप में .....

- प्रदेश के ऐतिहासिक तथा धार्मिक स्थलों एवं प्राकृतिक स्थलों की जानकारी आमजनों तक पहुंचाने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में आज प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

- स्वास्थ्य विभाग ने नीमच जिले के चार निजी अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी किए जाने की सहमति दी है।
- बैतूल में कल खनिज अमला द्वारा रेत का अवैध परिवहन करते 3 डम्पर जब्त किए गए। जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।
- गुना जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में वृक्षारोपण के तहत ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत वृक्षारोपण जारी है। इसी क्रम में आज नवोदय विद्यालय बजरंगगढ़ जिला परिसर एवं खेल मैदान में लगभग 850 पौधों का रोपण किया गया।
- इंदौर क्लीन सिटी और ग्रीन सिटी के बाद अब हेल्दी सिटी भी बनेगा। इसके लिए हेल्थ ऑफ इंदौर अभियान के तहत व्यापक प्रीवेंटिव हेल्थ सर्वेक्षण करवाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अब तक ढाई लाख से अधिक नागरिकों का प्रीवेंटिव हेल्थ चेकअप किया गया है। इस अभियान में अब युवाओं की भागीदारी भी जोड़ी जाएगी। इसके लिए आगामी 12 अगस्त को इंदौर शहर में युवाओं के प्रीवेंटिव हेल्थ चेकअप के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।

--------------------